प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 01.06.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1- राजमहल, दुमका और गोड्डा सीट के लिए शांतिपूर्ण मतदान जारी, दिन के ग्यारह बजे तक लगभग 30 प्रतिशत मतदान किया गया रिकॉर्ड।

2- राज्य में आज तीन लोकसभा सीटों के लिए हो रहे चुनाव में निशिकांत दुबे, विजय हांसदा और सीता सोरेन समेत 52 उम्मीदवारों के राजनीतिक भाग्य का होगा फैसला।

3- कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की अध्यक्षता में इंडी गठबंधन की आज दिल्ली में बैठक, मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन और झामुमो नेत्री कल्पना सोरेन करेंगी शिरकत।

4- रांची रेलमंडल के सुइसा–तिरुलडीह स्टेशन के बीच नंदन कानन एक्सप्रेस पर गिरा हाईटेंशन तार, दो यात्री झुलसे, चांडिल–मूरी रेल खंड पर ट्रेन परिचालन बाधित।

5- राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सभी डैमों में एडवेंचर वाटर स्पोर्ट्स एक्टिविटीज की जल्द होगी शुरुआत।

******************

राजमहल, दुमका और गोड्डा सीट के लिए शांतिपूर्ण माहौल में सभी मतदान केंद्रों पर मतदान सुचारू रूप से जारी है। इन तीन सीटों के लिए दिन के ग्यारह बजे तक 29 दशमलव पांच पांच प्रतिशत मतदान हो चुका है। राजमहल सीट के लिए 30 दशमलव शून्य चार, दुमका सीट के लिए 29 दशमलव दो चार और गोड्डा सीट के लिए 29 दशमलव तीन नौ प्रतिशत वोटिंग हो चुकी है। इन सीटों के लिए शाम पांच बजे तक मतदान होगा। इस दौरान जो भी मतदाता, मतदाता केंद्र में कतारबद्ध होंगे, उन सभी को वोट करने का मौका मिलेगा। वहीं, मतदान करने के लिए मतदाताओं को लंबा इंतजार नहीं करना पड़े, इसके लिए मतदान गति पर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के कार्यालय से निगरानी की जा रही है। इसके साथ मतदाताओं को मतदान केंद्र तक लाने के लिए वाहन की भी व्यवस्था की गई है।

******************

राज्य में अंतिम चरण में तीन सीटों के आज हो रहे चुनाव में 8 महिला समेत 52 प्रत्याशियों की चुनावी किस्मत ईवीएम में लॉक हो जाएगी। इनमें दो वर्तमान सांसद और चार विधायकों की भी प्रतिष्ठा दांव पर है। इनमें राजमहल सीट से 3 महिला समेत 14 प्रत्याशी, दुमका से 4 महिला समेत 19 प्रत्याशी और गोड्डा सीट से 1 महिला समेत 19 प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं। इस चरण में राजमहल सीट के लिए भाजपा के ताला मरांडी, झामुमो के विजय हांसदा तथा निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में विधायक लोबिन हेम्ब्रम, दुमका संसदीय सीट के लिये भाजपा की सीता सोरेन तथा झामुमो के नलिन सोरेन और गोड्डा सीट से भाजपा के निशिकांत दुबे तथा कांग्रेस के प्रदीप यादव के बीच मुख्य मुकाबला होने की संभावना है।

******************

राज्य में सातवें और अंतिम चरण में लोक सभा की तीन सीटों के लिए हो रहे चुनाव में 2 सौ 41 मतदान केंद्र महिलाओं द्वारा संचालित की जा रहे हैं । इसमें राजमहल में 166, दुमका में 70 और गोड्डा में 05 मतदान केंद्र में वोटिंग करने की सारी जिम्मेवारी महिला मतदान कर्मियों के द्वारा निभाई जा रही है। इसके अलावा 7 मतदान केंद्रों का संचालन दिव्यांग मतदान कर्मियों के द्वारा किया जा रहा है, जबकि 11 मतदान केंद्रों पर युवा मतदान कर्मियों पर मतदान करने की जिम्मेदारी है। इस चरण में 18 मतदान केंद्र को मॉडल मतदान केंद्र के रूप में विकसित किया गया है।

******************

लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण में राज्य के तीन सीटों के लिए हो रहे मतदान को लेकर आम से लेकर खास मतदाताओ में उत्साह देखने को मिल रहा है। मतदान शुरु होने के साथ मतदान केंद्रों में मतदाताओं के आने का सिलसिला लगातार जारी है। इधर झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो ने नाला विधानसभा क्षेत्र के बूथ नंबर इक्यान्बे में वोट डाले। वहीं वहीं विधायक दिनेश मरांडी ने लिट्टीपाड़ा के डुमरिया स्थित मतदान केंद्र में मतदान किया। पाकुड़ के उपायुक्त ने भी मतदान कर लोगों को मतदान करने की अपील की। राजमहल संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले पाकुड़ के विभिन्न बूथों पर

महिला और पुरुष मतदाताओं की लंबी कतार सवेरे से ही देखी जा रही है। वहीं चुनाव एक्सप्रेस के जरिए शरीर से लाचार मतदाताओं को बूथों तक लाया जा रहा है। दूसरी तरफ दुमका लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले जामताड़ा जिले के सभी छह सौ अंठान्बे बूथों पर भी मतदान को लेकर उत्सवी माहौल देखने को मिल रहा है। यहां बारिश के बाद मौसम के थोड़ा सुहाना होने की वजह से बड़ी संख्या में मतदाता बूथों पर पहुंच रहे हैं। बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं को घरों से बूथ तक लाने–ले जाने के लिए वाहनों का इस्तेमाल हो रहा है।

******************

राज्य में तीन सीटों के लिए मतदान शुरु हुए छह घंटे हो चुके हैं। इस दौरान मतदान केंद्रों में वोटिंग को लेकर हर वर्ग के मतदाता खासे उत्साहित दिख रहे हैं। मतदान के प्रति वोटर्स में कैसा रुझान देखने को मिल रहा है,

******************

इंडी गठबंधन की नई दिल्ली में आज होने वाली बैठक में राज्य के मुख्यमंत्री और झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय उपाध्यक्ष चम्पाई सोरेन और झामुमो नेत्री कल्पना सोरेन शामिल होंगी। लोकसभा के सातवें और अंतिम चरण के चुनाव के बीच होनेवाली इस बैठक की अध्यक्षता कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे करेंगे। इस मौके पर इंडी गठबंधन में शामिल कई राजनीतिक दलों के नेता मौजूद रहेंगे। बैठक मे चुनाव और चार जून को होने वाले मतदान से संबंधित विषयों पर विशेष रुपसे विचार–विमर्श होगा।

******************

राज्य में लोकसभा चुनाव को लेकर आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से अबतक एक अरब, चौंतीस करोड़, पचहत्तर लाख रुपए की अवैध सामग्री और नकदी विभिन्न जांच एजेंसियों द्वारा जब्त की जा चुकी है। इसमें पैंतालीस करोड़ नवासी लाख रुपए नकद, चार करोड़ बत्तीस लाख रुपए का अवैध शराब तथा छह करोड़ चौरासी लाख रुपए का मादक पदार्थ शामिल है।

******************

बोकारो के उपायुक्त – सह– जिला निर्वाचन पदाधिकारी को चार जून को होने वाले मतगणना के पहले हटाने की मांग को लेकर भारतीय जनता पार्टी के विधि प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रविकुमार से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा।

******************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी

वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts

और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

प्रादेशिक समाचार आप आकाशवाणी रांची से सुन रहे हैं।

******************

रांची रेलमंडल के अंतर्गत चांडिल–मूरी रेलखंड पर सुइसा स्टेशन के अंतर्गत लेंगडीह रेलवे क्रासिंग के समीप पूरी से आनंद विहार जा रही नंदन कानन एक्सप्रेस पर हाईटेंशन तार के गिरने से दो यात्रियों के झुलसने की सूचना सामने आ रही है. दोनों घायलों को गंभीर हालत में आरंभिक इलाज के लिए बागमुंडी

रेलवे अस्पताल में भर्ती किया गया ह . वहीं, इस घटना के बाद यात्रियों के बीच अफरा–तफरी मच गई. इधर, घटनास्थल पर रेलवे के वरीय पदाधिकारी पहुंच चुके हैं और रेस्क्यू कार्य शुरू कर दिया गया है. इधर, इस घटना के बाद चांडिल–मूरी रेल ट्रैक पर ट्रेनों का परिचालन बाधित है।

**********************

राज्य के पुलिस महानिदेशक अजय कुमार सिंह तीन जून को रांची जिले में विधि–व्यवस्था की समीक्षा करेंगे। रांची प्रक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक,पुलिस उप महानिरीक्षक, जिले के वरीय पुलिस अधीक्षक, सिटी एसपी, ग्रामीण एसपी और सभी पुलिस उपाधीक्षकों के साथ होने वाली इस बैठक में पिछले तीन वर्षों के दौरान हुए बड़े आपराधिक वारदातों और उसपर हुई कार्रवाई की समीक्षा होगी।

******************

एसीबी, हजारीबाग की टीम ने चतरा जिले के लावालौंग प्रखंड में मनरेगा के जूनियर इंजीनियर और एक दलाल को बीस हजार रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। जूनियर इंजीनियर के खिलाफ कूप निर्माण योजना के एक लाभुक ने मापी और राशि भुगतान के नाम पर रिश्वत मांगे जाने की शिकायत दर्ज कराई थी। एसीबी ने पूरे मामले की जांच करने के बाद यह कार्रवाई की।

******************

झारखंड स्टेट बार काउंसिल ने राज्यभर में अधिवक्ताओं पर हुए आपराधिक हमले और मिली धमकी की सूची सभी जिला बार एसोसिएशन से मांगी है। उन्हें दिव्यांग अधिवक्ताओं की भी पूरी जानकारी देने को कहा गया है। एसोसिएशन ने बताया कि अपराधियों द्वारा अधिवक्ताओं को धमकी देने के कई मामले सामने आ चुके हैं। कई अधिवक्ताओं की हत्या भी हो चुकी है । ऐसे में अधिवक्ताओं की सुरक्षा को लेकर यह कदम उठाया जा रहा है।

******************

खूंटी जिले में बेहतर पैदावार के लिए टपक सिंचाई तकनीक का इस्तेमाल किसानों द्वारा किया जा रहा है.

******************

झारखंड में आज तीन लोकसभा सीट के लिए हो रहे मतदान को लेकर आकाशवाणी रांची के प्रादेशिक समाचार एकांश के द्वारा जीवंत चुनावी परिचर्चा का आयोजन किया जाएगा। जिसका प्रसारण रात आठ बजे से साढ़े आठ बजे तक होगा।

******************

राज्य सरकार ने पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सभी प्रमुख डैमों में एडवेंचर वाटर स्पोर्ट्स एक्टिविटीज शुरु करने का निर्णय लिया है। इसके तहत पहले चरण में जमशेदपुर के चांडिल, दुमका के मसानजोर, रांची के गेतलसूद, बोकारो के तेनुघाट कोडरमा के तिलैया और धनबाद के मैथन डैम में कयाकिंग, पैडल बोटिंग, फिशिंग क्लिप जंपिंग और ड्रैगन बोट जैसे साहसिक खेलों का आयोजन किया जाएगा।

******************

- टाटानगर–हटिया एक्सप्रेस इस महीनें की पांच, सात और नौ जून को अपने निर्धारित मार्ग चांडिल, कोटशिला मूरी के बजाय चांडिल–गुंडा बिहार–मूरी होकर चलेगी।
- खूंटी जिले में सेकेंड हैंड बाइक शोरुम से पच्चीस मई को चार मोटरसाइकिल की चोरी मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। इस सिलसिले में चार नाबालिग समेत छह बाइक चोरों को गिरफ्तार कर लिया गया है।
- जमशेदपुर के जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेस में 11 मई से चल रहे समर कैंप का रंगारंग समापन हो गया. टाटा स्टील की ओर से आयोजित बीस दिवसीय समर कैंप में लगभग तीन हजार दो सौ बच्चों ने हिस्सा लिया।

***********समाप्त*************